बस्तर में रेशम मिशन के तहत रैली कोसा का समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

चर्चा में क्यों?

9 मई, 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा चालू वर्ष से लघु वनोपज संघ के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोसा कोकून खरीदने का आदेश जारी कर दिया गया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिवस चालू वित्तीय वर्ष के बजट भाषण में बस्तर संभाग में रेशम कीट पालन तथा कोसा उत्पादन करने वाले आदिवासी-वनवासी कृषकों के हित में रेशम मिशन प्रारंभ करने की घोषणा की थी।
- छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बस्तर संभाग में इसके समर्थन मूल्य पर संग्रहण के लिये क्रय दर निर्धारित की गई है।
- शासन के इस महत्त्वपूर्ण निर्णय से अब रैली कोसा के उत्पादन और प्रसंस्करण का दोहरा लाभ स्थानीय निवासियों को मिलेगा।
- राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य में रैली कोसा के स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर रोज़गार बढ़ाने हेतु राज्य लघु वनोपज संघ तथा रेशम संचालनालय के बीच एमओयू किया गया है।
- इस एमओयू के अनुसार लघु वनोपज संघ द्वारा क्रय किया गया कोकून रेशम विभाग को प्रदान किया जाएगा।
- रेशम विभाग द्वारा बस्तर संभाग में 740 हितग्राहियों का चयन करके उन्हें रेशम धागाकरण का प्रशिक्षण देना भी प्रारंभ कर दिया गया है।
- गौरतलब है कि राज्य में 8 से 10 करोड़ रैली कोसा-कोकून का उत्पादन होता है। रैली कोसा संग्रहण मुख्य रूप से 7 ज़िला यूनियन जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागाँव, केशकाल, नारायणपुर तथा कांकेर में होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/purchase-of-kosa-cocoon-under-silk-mission-in-bastar